Email: etawahexpress24@gmail.com Web: www.etawahexpress.com

# इटावा एक्सप्रेस

आर.एन.आई शीर्षक कोड UPHIN50151, इटावा, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

| वर्ष 2 | अंक 20 | इटावा 16 नवम्बर 2024 दिन शनिवार | हिन्दी साप्ताहिक | रुपए 2 | पृष्ठ 8 |
|---|---|---|---|---|---|

# बिरसा मुंडा जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि





**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान स्वतंत्रता सेनानी और जनजातीय अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले आदिवासी नायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उनका बलिदानों से भरा जीवन राष्ट्र सेवा का एक अनूठा उदाहरण है। बता दें कि बिरसा मुंडा का जन्म 1875 में हुआ था। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया था। महज 25 वर्ष की आयु में ही उनकी मौत हो गई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी ने मातृभूमि की आन-बान और शान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनकी जन्म-जयंती जनजातीय गौरव दिवस के पावन अवसर पर उन्हें मेरा कोटि-कोटि नमन। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी के 150वें जयंती वर्ष का कल से शुभारंभ होने जा रहा है। जनजातीय गौरव दिवस पर बिहार के जमुई में सुबह करीब 11 बजे उनके सम्मान में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करने के अलावा कई परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण का भी सौभाग्य मिलेगा। झारखंड की स्थापना दिवस पर दी बधाई बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद पीएम मोदी ने झारखंड के स्थापना दिवस पर राज्यवासियों को बधाई भी दी।

## झारखंड के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश नारायण सिंह ने जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर संसद में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की।**

उन्होंने पोस्ट में कहा, झारखंड के अपने सभी भाई-बहनों को राज्य के स्थापना दिवस पर अनेकानेक शुभकामनाएं। जनजातीय समाज के संघर्ष और बलिदान से सिंचित इस धरती ने देश को हमेशा गौरवान्वित किया है। मेरी कामना है कि प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण यह प्रदेश प्रगति के पथ पर तेज रफ्तार से आगे बढ़े। राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने भी दी श्रद्धांजलि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा के डिप्टी चेयरमैन हरिवंश नारायण सिंह ने जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर संसद में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने के बाद उपराष्ट्रपति धनखड़ और लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ने पारंपरिक ढोल पर हाथ आजमाते दिखे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा एक छोटे से गांव में पैदा हुए थे। उनकी 150वीं जयंती को इस बार आदिवासी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। भगवान बिरसा मुंडा आजादी के महान नायकों में से एक थे। 1875 में माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करते समय उन्होंने धर्म परिवर्तन के विरुद्ध आवाज उठाई। जब पूरे देश और विश्व के 2/3 भाग पर अंग्रेजों का शासन था, तब उन्होंने धर्म परिवर्तन के खिलाफ खड़े होने का साहस दिखाया था।

# प्रधानमंत्री समाज को बांट रहे हैं : शरद पवार

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर समाज को बांटने का आरोप लगाया और चुनाव प्रचार अभियान में दिये उनके भाषणों की आलोचना की। विपक्षी नेता ने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के खिलाफ लोगों में बेचैनी महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) को सत्ता में लौटने में मदद करेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद अजित पवार के फिर से उनके साथ आने की संभावना के



बारे में पूछे जाने पर कहा कि भाजपा के साथ गठजोड़ करने वालों से कोई संबंध नहीं रखा जाएगा। महाराष्ट्र में विपक्षी एमवीए के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शरद पवार ने ह्यपीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि सत्तारूढ़ महायुति लोकसभा चुनाव में राज्य में खराब प्रदर्शन के बाद विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए नकदी अंतरण योजनाओं का इस्तेमाल कर रही है। राज्य के चार बार मुख्यमंत्री रहे शरद पवार ने कहा कि लेकिन लोग उन्हें (महायुति को) खारिज कर देंगे। राकांपा(एसपी) प्रमुख ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीखी आलोचना की, जिनके बंटेंगे तो कटेंगे नारे की कुछ भाजपा नेताओं और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार जैसे सहयोगियों ने भी आलोचना की है।

# केजरीवाल ने रकाबगंज गुरुद्वारा में टेका मत्था लोगों को दी गुरु नानक जयंती की बधाईयां

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों को गुरुनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं हैं। श्री गुरु नानक देव जी का 555वें प्रकाश पर्व को पूरे हर्ष उल्लास से मनाया जा रहा है। दिल्ली के विभिन्न गुरु पर्व पर माथा टेकने के लिए सुबह से ही गुरुद्वारों में संगत उमड़ पड़ी। इसी दौरान



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी रकाबगंज गुरुद्वारा पहुंचे। जहां उन्होंने माथा टेका है।

# मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता की प्रेरणा का स्रोत है जनजातीय समुदाय :सीएम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय समाज की गौरवपूर्ण संस्कृति और उनकी मातृभूमि के प्रति अपार निष्ठा को सम्मान देते हुए भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव लखनऊ के गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में 15 से 20 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के 22 राज्यों के साथ-साथ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय भागीदारी उत्सव का शुभारंभ किया। यह उत्सव 15 से 20 नवंबर तक मनाया जाएगा।**

स्लोवाकिया और वियतनाम से भी कलाकार शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदाय का मातृभूमि के प्रति त्याग, निष्ठा और वीरता को प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज न केवल भारत का मूल संप्रदाय है, बल्कि यह समुदाय मातृभूमि के प्रति उच्च भाव से प्रेरित होकर देश की सेवा में सदैव तत्पर रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब देश पर विदेशी सत्ता का शिकंजा था, तब भगवान बिरसा मुंडा ने अपने समुदाय के अधिकारों की रक्षा और स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान को देशभर में सम्मान देने का महत्वपूर्ण कदम है। सीएम योगी ने बताया कि इस उत्सव के माध्यम से देश और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से आए जनजातीय समुदाय के लोग अपनी कला और परंपरा को प्रस्तुत करेंगे। यह महोत्सव जनजातीय समाज के गौरवपूर्ण इतिहास, संस्कृति और उनके संरक्षण की दिशा में एक अनूठा प्रयास है। जनजातीय समाज की सशक्तीकरण के लिए सदैव तत्पर है डबल इंजन की सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय समाज के सशक्तीकरण की दिशा में अपनी सरकार के प्रयासों पर जोर देते हुए कहा कि 2017 में प्रदेश में सरकार बनने के बाद उन्होंने जनजातीय समुदाय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी क्योंकि पिछली सरकारों में यह समाज विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित था। सीएम योगी ने जनजातीय समुदाय को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा, थारू, कोल, चेरु, गोंड, बुक्सा जैसे जनजातीय समुदायों के लिए सैचुरेशन योजना के माध्यम से हर जरूरतमंद तक सरकारी लाभ पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनजातीय समुदाय को प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, वृद्धावस्था पेंशन, महिला पेंशन और दिव्यांगजन पेंशन जैसी योजनाओं से आच्छादित किया गया है।

# सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में स्त्री एवं प्रसूति विभाग में इलाज में लापरवाही से महिला की मौत

**दूसरी महिला भी भर्ती के लिए एक घण्टे तड़पती रही, चिकित्सा अधीक्षक ने कराया भर्ती, भर्ती से पहले मांगा जा रहा था दो बोतल ब्लड,पहले दो बोतल ब्लड दो तब किया जाएगा भतह्न, सबसे ज्यादा लापरवाही गायनी विभाग में, विना जांच भर्ती करने से पहले मांगा जाता है ब्लड, न देने पर घंटो तड़पती रहती है महिलाएं**

सैफई ( इटावा) सैफई के मेडिकल यूनिवर्सिटी में स्त्री एवं प्रसूति विभाग का बहुत बुरा हाल है शुक्रवार को सुबह एक महिला का समय पर इलाज न करने से मौत हो गयी परिजनों का आरोप है कि तीन घण्टे तक महिला का इलाज नहीं किया गया जिससे उसकी मौत हो गयी। यहां भर्ती से पहले मरीज के तीमारदारों से दो बोतल खून मांगा जाता है खून न देने पर महिला को घण्टों तड़पाया जाता है ऐसी हालत में मरीज प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कर लिए मजबूर हो जाता है। देश के पूर्व रक्षामंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्व० मुलायम सिंह यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल सैफई में इस अस्पताल का निर्माण यह सोचकर कराया गया था कि इटावा, औरैया, मैनपुरी, जनपदों के लाखों मरीज को यहां सुविधा मिल सके। और हुआ भी यही, यहां करोड़ों मरीजों का इलाज हुआ और जटिल से जटिल ऑपरेशन करके देश भर में इस अस्पताल ने प्रसिद्ध हासिल की। यहां तक की बड़े और प्रसिद्ध अस्पतालों से निराश होकर लौटे मरीजों को इस अस्पताल में नया जीवन मिला। पहले यहां के मरीज को आगरा और ग्वालियर में इलाज के लिए ले जाया जाता था जहां मरीज पर हजारों लाखों खर्च आता था। लेकिन अब मरीज का परिवार न सिर्फ इलाज के दौरान आये खर्च से बर्बाद होने से बचता है बल्कि



मेडीकल यूनिवर्सिटी में भर्ती मोहिनी, लापरवाही से मौत की शिकायत कुसुमा

मरीज का जीवन भी बचता है। क्यों कि जहर व सल्फास खाये हजारों मरीजों व सांप काटे हजारों मरीजों को यहां जीवनदान मिला है। लेकिन इस समय सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के जो हालात है वो किसी से छिपे नही है यहां सबसे ज्यादा लापरवाही जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही महिलाओं के साथ की जाती है यहां स्त्री एवं प्रसूति विभाग / गायनी विभाग के लेबर रूम में महिलाओं को बिना जाँच किये बिना देखें खून की मांग की जाती है चाहे भले ही मरीज में खून पूरा हो लेकिन खून देने के नाम पर मरीज को घण्टों तड़पाया जाता है। शुक्रवार को सुबह कुसमा पत्नी सोनू उम्र 32 वर्ष निवासी हजरतपुर थाना वैदपुरा को घर पर नॉर्मल डिलीवरी से पुत्री पैदा हुई इसी दौरान महिला की ब्लीडिंग बंद नहीं हो रही थी तो 6 बजे सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के गायनी वार्ड के लेबर रूम में लेकर आये लेकिन लेबर रूम डॉक्टरों ने भर्ती नहीं किया। परिजनों का आरोप है कि 3 घण्टे तक प्रसूता को अंदर बाहर करते रहे मेरे मरीज का कोई नहीं किया इलाज में लापरवाही बरतने से कुसुमा की मौत हो गयी। कल शुक्रवार को सुबह लगभग 9 बजे मोहिनी पुत्री अंशुल ग्राम नगला अज़ाब लेबर रूम पहुंची तो उससे तत्काल बिना जांच किये एक बोतल खून मांगा गया उसके साथ गए तीमारदारों ने कहा कि हम लोग खून देने को तैयार है पहले मरीज को भर्ती तो कर लो और मेरा खून ले लो। लेकिन लेबर रूम में तैनात नर्से इसी बहस में उलझी रही कि पहले खून दो फिर भर्ती करेंगे। तीमारदारों ने इसकी शिकायत गायनी विभाग की एच ओ डी डॉक्टर कल्पना से की तो उन्होंने कहा कि मै रास्ते में हूं और जाकर देखती हूं उसके बाद तीमारदारों ने चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एसपी सिंह से बात की तब जाकर महिला को भर्ती किया गया। दो घंटे जांच के नाम पर मीडियाकर्मी को गुमराह करती रही डॉक्टर कल्पना गायनी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर कल्पना से उक्त महिला के भर्ती होने में बरती गई लापरवाही की शिकायत की गई तो वह बोली कि अभी हॉस्पिटल पहुंच रही हूं मैं आपको पूरी जानकारी देती हूं उसके बाद पुनः डॉक्टर कल्पना का पक्ष जानने के लिए कॉल की तो बताया कि अभी मै देख रही हूं अभी मै कुछ नहीं कर पाऊंगी जो भी होगा अपने सीनियर को जानकारी दे दूंगी। यह कहते हुए फ़ोन काट दिया। जब कि डॉक्टर कल्पना खुद अपने विभाग की विभागाध्यक्ष है उसके बाद भी मीडियाकर्मी को गुमराह किया। सूत्र बताते है कि कल्पना कभी गायनी वार्ड का निरीक्षण नही करती और ड्यूटी पर बहुत कम टाइम देती है। इसी बजह से उनके अधीनस्थ स्टाफ डॉक्टर, नर्स, व अन्य लापरवाह हो गए है। सूत्र बताते है कि जब से कल्पना को गायनी का विभागाध्यक्ष बनाया है मरीजों के साथ लापरवाही बढ़ी है लेकिन जब डॉक्टर अरुण नागरथ, डॉक्टर शिखा सेठ गायनी के विभागाध्यक्ष थे तब व्यवस्था बेहतर थी लेकिन जब से डॉक्टर कल्पना ने पदभार संभाला है गायनी का स्टाफ लापरवाह हो गया है।

## बाल मेला में बच्चों का हुनर देख सीडीओ ने की तारीफ, किया सम्मानित

( इटावा एक्सप्रेस सुघर सिंह सैफई )

इटावा। बाल दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय नगला खादर में बच्चों ने बाल मेला का आयोजन किया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काटकर मेला का उद्धघाटन किया। मेले में बच्चों ने भेलपुरी, गोलगप्पे, सैंडबिच, खिलौने, रिंग गेम, बाल हिट गेम, बिंदी गेम आदि के स्टॉल लगाए। सीडीओ व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों का हुनर देख तारीफ की और उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डाक्टर राजेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह, डी सी प्रशिक्षण ज्ञानेंद्र सिंह, डी सी एम आई एस लव सौरभ ने सभी स्टॉल का अवलोकन कर प्रोत्साहित किया तथा नेट मॉक टेस्ट में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों एवं सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को पुरुस्कार वितरण किया गया मुख्य विकास अधिकारी ने प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने हेतु निर्देशित किया तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों को बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति व गृह कार्य अवलोकन के लिए संबोधित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक विपिन मिश्रा एवं शिक्षक रुचि, प्रिया, रिजवान, खालिद, बुलबुल यादव, सचिन दुबे, अनीता देवी आदि को बधाई दी।





## 19 नवंबर 2024 को जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

युवाओ के लिये लोकनृत्य, भाषण , चित्रकला ,कविता लेखन, साइंस मेला जैसी प्रतियोगिताओ का आयोजन 30 सितंबर 2024 तक 15–29 आयु पूर्ण करने वाले युवा ले सकेंगे भाग । जिला युवा उत्सव का आयोजन 19 नवंबर 2024 को नेहरू युवा केंद्र इटावा, युवा मामले विभाग भारत सरकार एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त तत्वाधान में पंचायत राज महिला महाविद्यालय इटावा में किया जाएगा अयोजन। कार्यक्रम में युवाओ के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा जिनमें समूह लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य ,समूह लोकगीत ,एकल लोकगीत , चित्रकला, भाषण , मोबाइल फोटोग्राफी, साइंस मेला , कविता लेखन की प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा । भाषण प्रतियोगिता ,चित्रकला, मोबाइल फोटोग्राफी ,पेंटिंग प्रतियोगिता पंच प्रण विषय पर आयोजित होगे भाषण प्रतियोगिता का समय 6 से 7 मिनट का रहेगा । वहीं साइंस मेला का आयोजन एकल एवं ग्रुप दोनों श्रेणी में किया जाएगा समूह लोकनृत्य प्रतियोगिता ,एकल लोकनृत्य ,एकल लोकगीत ,समूह लोकगीत में वाद्ययंत्र ,गाना ,युवाओ के द्वारा ही होगा । समूह लोकनृत्य में विजेताओ को 7000, 5000, 3000 रुपए क्रमशरू प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले को दिये जायेगे वहीं साइंस मेला में प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान हासिल करने वालो को क्रमशः 7 हजार, 5 हजार, 3 हजार रुपए पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाएँगे एकल साइंस मेला में 3000, 2000, 1500 रुपए प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले को दिये जाएँगे । कविता लेखन , पेंटिंग ,मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विजेताओ को 2500, 1500, 1000 की राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की जायेगी । भाषण प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी को 5000, 2500, 1500 रुपए की राशि क्रमशः पुरस्कार के रूप में प्रदान किए जाएँगे । 15–29 आयु वर्ग के युवा इटावा जिले के मूल निवासी इस कार्यक्रम के लिए आवेदन दे सकते है ।आवेदन के लिए आधार कार्ड की कॉपी ,हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के साथ जिला कल्याण विभाग या नेहरू युवा केंद्र इटावा में 18 नवंबर तक पंजीकरण किया जा सकता है । जारीकर्ता सोनिका चंद्रा जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र इटावा

## देवता उठाने का गीत । देवउठनी ग्यारस का गीत

उठो देव बैठो देव , पाटकली चटकाओ देव
आषाढ़ में सोए देव ,कार्तिक में जागे देव
कोरा कलशा मीठा पानी, उठो देव पियो पानी
हाथ पैर फटकारो देव, अंगुलियां चटकाओ देव
तुम पर फूल चढ़ाएं देव, घी का दिया जलाएं देव
कुवारों के ब्याह कराओ देव, ब्याहों के गौने कराओ देव
आओ देव पधारो देव ,तुमको हम मनाएं देव
चूल्हा पीछे पांच पछीटा, सासूजी बलदाऊ जी तुम्हारे बेटा
ओने कोने झांझ मंजीरा , सहोदरा किशन जी तुम्हारे वीरा
ओने कोने झांझ मंजीरा , सहोदरा बलदाऊ जी तुम्हारे वीरा
ओने कोने रखे अनार , ये हैं किशन जी तुम्हारे यार
ओने कोने लटके चाबी, सहोदरा ये हैं तुम्हारी भाभी
जितनी खूंटी टागूं सूट ,उतने इस घर जन्मे पूत
जितनी इस घर सीक सलाई, उतनी इस घर बहुएं आई
जितने इस घर ईंट और रोड़े, उतने इस घर हाथी घोड़े
जागो देव जागो देव
गन्ने, सिंघाड़े, बेर, गाजर, मूली, बैंगन,
सेंगरी, पुए का भोग लगाओ देव

## अतिक्रमण हटाओ अभियान की होगी शुरुआत, तंगी से जूझ रहे व्यापारी फिर होंगे परेशान

इटावा भरथना । अतिक्रमण के कारण बाज़ार में लगता है भारी जाम, वाहनों के आवागमन में होती है दिक्कतें नगर पालिका भरथना ने आदेश किया जारी, नाली, नालों, फुटपाथों, सड़क से हटेगा अतिक्रमण दुकानदारों ने अगर नहीं हटाया अपना सामान तो नगर पालिका सामान को जब्त करके बल पूर्वक हटाएगी। सड़क पर खड़े हो रहे ई–रिक्शा, टेम्पो चालकों पर भी गिरेगी गाज, नगर पालिका भरथना करेगी जुर्माने की कार्यवाही भरथना नगर पालिका गृहकर, जलकर वसूली में है पीछे अधिकारियों ने नाराजगी की व्यक्त, नगर पालिका अभियान चलाकर करेगी वसूली बकाया शुल्क जमा न करने वालों पर होगी कार्यवाही भू राजस्व की भांति वसूली करने के लिए आर०सी० की होगी कार्यवाही। क्या कहते है समाजसेवी क्षेत्र में जाम लगने का सबसे बड़ा कारण डग्गामार बसे भी है जो मुख्य मार्ग पर ही 15,20 मिनट तक खड़ी रहती है । वही बालूगंज का सब्जी बाजार चिन्हित की गई जगह पर लगना चाहिए जिससे वाहनों के आवागमन में दिक्कत न हो । उन्होंने नगर पालिका के कार्यों पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहां बाजार के कई मुख्य चौराहा पर 11 बजे तक कूड़े के ढेर लगे रहते है , जिससे भी जाम लगता है । अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर के छोटे व्यापारियों को परेशान न किया जाए ,नाला नालियों से पट्टियां न हटाई जाए ,ऑटो इ– रिक्शा के लिए निर्धारित स्थान बनाया जाए जिससे यह सब सड़कों पर खड़े न हो ।

# थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा नाजायज मादक पदार्थों की तस्करी / कारोबार करने वाले 2 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 02 किग्रा0 29 ग्राम अवैध चरस ( कीमत करीब 01 लाख 60 हजार रुपये ) बरामद

थाना रामगढ दिनांक 14.11.2024 जनपद फिरोजाबाद ।

घ्दोनों अभियुक्तगण मादक पदार्थों की तस्करी से कमाए गए रूपयों से अपने शौक, मौज व अवैध सम्पत्ती अर्जित करते हैं । ।ातिर मादक तस्कर फहीम पर जनपद के विभिन्न थानों में करीब डेढ़ दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत । साथ ही फहीम के साथी रिहान उर्फ टाटा पर भी आधा दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा नाजायज मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा चौंकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दिनांक 13.11.2024 को भीकनपुर तिराहा के पास थाना रामगढ फिरोजाबाद से दो शातिर अभियुक्तगण 1. फहीम पुत्र सकील 2. रिहान उर्फ टाटा पुत्र नसरूद्दीन निवासीगण 60 फुटा रोड कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया है । दोनों अभियुक्तगण के कब्जे से 02 किग्रा0 29 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारी का दिनांक / समय व स्थान– दिनांक 13.11.24 भीकनपुर तिराहा के पास थाना रामगढ फिरोजाबाद नाम



पता गिरफ्तार अभियुक्तगण– 1–फहीम पुत्र सकील नि0 60 फुटा रोड कश्मीरी गेट थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद 2–रिहान उर्फ टाटा पुत्र नसरूद्दीन नि0 60 फुटा रोड कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ फिरोजाबाद आपराधिक इतिहास अभियुक्त फहीम पुत्र सकील निवासी 60 फुटा रोड कश्मीरी गेट थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद 1. मुकदमा अपराध संख्या 344 / 2009 धारा 13 जी एक्ट रामगढ जनपद फिरोजाबाद 2. मुकदमा अपराध संख्या 345 / 2009 धारा 3 / 25 आर्म्सएक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 3. मुकदमा अपराध संख्या 525 / 2009 धारा 398 / 401 / 307 भादवि पुलिस मुठभेड थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 4. मुकदमा अपराध संख्या 526 / 2009 धारा 25 / 27 आर्म्स एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 5. मुकदमा अपराध संख्या 534 / 2009 धारा 2 / 3 गैंग्स्टर एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 6. मुकदमा अपराध संख्या 266 / 10 धारा 18 / 20 एनडीपीएस एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 7. मुकदमा अपराध संख्या 495 / 2010 धारा 8 / 20 छक्चै एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 8. मुकदमा अपराध संख्या 558 / 15 धारा 03 / 25 आर्म्स एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 9. मुकदमा अपराध संख्या 623 / 15 धारा 363 / 366 भादवि थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 10. मु0अ0सं0 74 / 17 धारा 03 / 25 आर्म्स एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 11. मुकदमा अपराध संख्या 148 / 18 धारा 04 / 25 आर्म्स एक्ट थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद 12. मुकदमा अपराध संख्या 792 / 19 थाना रसूलपुर धारा 7 सीएलए व धारा 147, 148, 149, 188, 283, 307, 323, 325, 332, 336, 337, 342, 353, 395, 397, 412, 427, 436 भादवि व 3 / 4 13. मुकदमा अपराध संख्या 663 / 21 धारा 323 / 504 / 506 भादवि थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 14. मुकदमा अपराध संख्या 13 / 22 धारा 03 / 25 आर्म्स एक्ट थाना रागमड जनपद फिरोजाबाद 16.मुकदमा अपराध संख्या 310 / 22 धारा 08 / 20 एनडीपीएस एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद मुकदमा अपराध संख्या 414 / 22 धारा 08 / 20 एनडीपीएस एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद मुकदमा अपराध संख्या 686 / / 2024 धारा 8 / 20 छक्चै ।ब्ज थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद आपराधिक इतिहास अभियुक्त रिहान उर्फ टाटा पुत्र नसरूद्दीन निवासी 60 फुटा रोड कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ फिरोजाबाद मुकदमा अपराध संख्या 274 / 18 धारा 379 / 411 भादवि थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 2. मुकदमा अपराध संख्या 357 / 22 धारा 379 / 411 भादवि थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 3. मुकदमा अपराध संख्या 504 / 22 धारा 8 / 20 एनडीपीएस एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 4. मुकदमा अपराध संख्या 523 / 2023 धारा 294 भादवि थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 5. मुकदमा अपराध संख्या 637 / 23 धारा 8 / 20 एनडीपीएस एक्ट थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 6. मुकदमा अपराध संख्या 686 / / 2024 धारा 8 / 20 छक्चै ।ब्ज थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद बरामदगी का विवरण 1. 2 किलोग्राम 29 ग्राम अवैध चरस ( कीमत करीब एक लाख 60 हजार रुपये ) गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1.प्रभारी निरीक्षक श्री संजीव कुमार दुबे थाना रामगढ फिरोजाबाद। 2. उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 3. उप निरीक्षक प्रवीण कुमार थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद। 4. उप निरीक्षक यूटी अतुल शर्मा थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद 5. हेड कांस्टेबल 1130 जितेन्द्र कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद

# फिरोजाबाद यातायात नियमों संकेतों के प्रति छात्र–छात्राओ आम जनमानस को किया गया जागरूक

यातायात माह नवम्बर अपडेट दिनांक 14–11–2024 जनपद फिरोजाबाद ।

यातायात माह नवम्बर के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम द्वारा दिनांक 14.11.2024 को आमजन ,स्कूल की बस के चालक तथा बस में बैठे छात्र–छात्राओं को यातायात नियमों संकेतों के प्रति जागरूक किया गया । वहाँ के फर्स्ट एड बॉक्स, चालक का लाइसेंस, फायर इंस्टिट्यूशन आदि को चौक किया गया साथ ही स्कूली बच्चों को घर जाते समय बस से अपना सिंर व हाथ बाहर न निकालने हेतु जागरूक किया गया साथ ही बस चालक को निर्देशित किया गया कि बच्चों को अनुशासित रूप से सुरक्षित लाना आपका कर्तब्य है । यातायात नियमों का अवश्य पालन करें । यातायात के कुछ नियमों का पालन करना ज़रूरी है, ताकि सड़क पर चलने वाले सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सुरक्षा उपकरण पहने



मोटर वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना ज़रूरी है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना ज़रूरी है। ट्रैफ़िक सिग्नल का पालन करें रेड लाइट का उल्लंघन न करें। गति सीमा का ध्यान रखें ओवर स्पीडिंग से बचें। शराब न पीए शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल गाड़ी चलाते समय न करें। सड़क पर ध्यान दें गाड़ी चलाते समय अपने आगे की सड़क पर ध्यान दें। सही से पार्क करेंरू मार्ग में आकस्मिक स्थिति में वाहन पार्क करने के लिए पार्किंग लाइट का इस्तेमाल करें। अन्य वाहनों के लिए रास्ता देंरू एम्बुलेंस और दूसरी आपातकालीन सेवा वाहनों को रास्ता दें। सड़क पर चलने का तरीका फुटपाथ पर चलें और जेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क पार करें। दूसरे लोगों का ध्यान रखेंरू नागरिकों, बच्चों, और पैदल चलने वालों का ध्यान रखें। कार चलाने वालों के लिए सड़क सुरक्षा नियम ये हैं। 1. सीट बेल्ट पहनें 2. विचलित होने से बचें वाहन चलाते समय विचलित होने से बचें। इसके बजाय, पूरी तरह से सड़क पर ध्यान केंद्रित करें। 3. गति सीमा का ध्यान रखें। तेज गति से वाहन चलाने पर आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है या दुर्घटना हो सकती है। 4. अपनी कार का रखरखाव करें खराब रखरखाव वाले वाहन दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इसलिए आपको अपनी कार का रखरखाव करना चाहिए ताकि आपकी कार दुर्घटना का कारण न बने। बाइक के लिए सड़क सुरक्षा नियम। 1. हेलमेट पहनें वाहन चलाते समय हमेशा आईएसआई प्रमाणित हेलमेट पहनें। टक्कर के दौरान यह आपके सिर की रक्षा करेंगे। 2. लेन के बीच न घूमें। कई ड्राइवर बाइक चलाने का आनंद लेते हैं। हालांकि, लेन के बीच घूमने से कई दुर्घटनाएं होती हैं। इसलिए इससे बचना चाहिए। लेन अनुशासन का पालन करें । बच्चों के लिए सड़क सुरक्षा नियम क्या हैं ? यहां कुछ सड़क सुरक्षा सावधानियां दी गई हैं, जिनके बारे में बच्चों को जागरूक होंना चाहिए क्योंकि वह बड़े हो रहे हैं। बच्चों को बुनियादी सुरक्षा संकेतों और चिह्नों के बारे में पता होना चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि हरे रंग का मतलब है गुजरना और लाल का मतलब है रुकना। साथ ही, उन्हें चलती कारों और वाहनों से अपने हाथों को बाहर नहीं निकालना सीखना चाहिए। उन्हें पता होना चाहिए कि सड़क कैसे पार करनी है। इसलिए, बच्चों को रुको, देखो और चलो नियम का पालन करना सिखाएं। बच्चों को वाहनों के हॉर्न और उनकी आवाज पर ध्यान देना चाहिए। इस तरह वह मोड़ के पीछे से आने वाले वाहनों से बच सकेंगे। बच्चों को कभी भी सड़कों पर नहीं दौड़ना चाहिए, खासकर व्यस्त सड़कों पर। वह गलती से कारों से टकरा सकते हैं और दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। साथ ही बच्चों को हमेशा फुटपाथ का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके अलावा, उन्हें केवल पैदल यात्री क्रॉसिंग पर ही सड़क पार करना सिखाया जाना चाहिए। साथ ही, बच्चों को मोड़ पर सड़क पार करने से बचना चाहिए क्योंकि ऐसी जगह पर मोटर चालक अक्सर उन्हें आते हुए नहीं देख पाते हैं। केवल कर्बसाइड पर बस से उतरना भी बच्चों के लिए सड़क सुरक्षा नियमों में शामिल है। साथ ही अचानक दरवाजे न खोलें। अपने पीछे देखने के बाद ही दरवाजे खोलें और देखें कि कोई वाहन उस तरफ तो नहीं आ रहा है ।

## आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर श्री अमित गुप्ता द्वारा अहेरीपुर मुकुटपुर गांव का किया गया निरीक्षण

इटावा एक्सप्रेस



इटावा 14 नवंबर, 2024 आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर श्री अमित गुप्ता द्वारा अहेरीपुर मुकुटपुर गांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा प्राथमिक विद्यालय मुकुटपुर विद्यालय के सामने पड़े कूड़े के ढेर को हटाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आर.आर.सी सेंटर भी चौक किया एवं रजिस्टर आदि का भी निरीक्षण किया गया । उन्होंने कहा कि अहेरीपुर गांव नंबर एक पर है, इस पर और भी सुधार लाएं जाने हेतु निर्देश दिए । उन्होंने आर आर सी सेंटर के पास तालाब की व्यवस्थाओं हेतु जायजा लिया । उन्होंने वहां पर उपस्थित ग्राम प्रधान से बात कर विस्तार से जानकारी ली, जिस पर ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि घरों का पानी तालाब में बिल्कुल भी नहीं आ रहा है। उन्होंने मुकुटपुर अहेरीपुर में दुकानदार एवं ग्राम वासियों से वार्ता कर कचरा कलेक्शन की गाड़ियों का समय से आने हेतु जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, संबंधित उप जिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव, ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## ग्राम इमलिया टूंडला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा किया गया निरीक्षण



गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर मरीजों को उपचार प्रदान करें किया गया तथा गांव में फैली हुई गंदगी को साफ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर विश्वदीप अग्रवाल चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला, डॉक्टर राजेश कुमार चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, वार्ड बाय, एएनएम पूजा तथा आशा राखी सिंह उपस्थित रहीं आशा को घर–घर जाकर बुखार के मरीजों की सूची बनाने के लिए आदेशित किया गया, चिकित्सा अधीक्षक को गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टूंडला पर तथा जिला चिकित्सालय भर्ती करने के लिए आदेशित किया गया

## सम्पादकीय

# बुलडोजर पर न्याय का हथौड़ा

सही मायनों में यह सुप्रीम कोर्ट का एक सख्त फैसला था, लेकिन यह समय की जरूरत भी थी। कथित बुलडोजर न्याय पर रोक लगाकर शीर्ष अदालत ने यह संदेश दिया है कि संविधान प्रदत्त नागरिक अधिकारों का कार्यपालिका मनमाने तरीके से अतिक्रमण नहीं कर सकती। निश्चित रूप से किसी भी मामले में एक आरोपी पर मुकदमा चलाए बिना ही दंड देना, नैसर्गिक न्याय की अवधारणा के ही विरुद्ध है। लेकिन साथ ही अदालत ने यह भी साफ कर दिया कि सरकारी संपत्ति और सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले अवैध निर्माण इस आदेश की परिधि में नहीं आते। दरअसल, हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ कथित बुलडोजर न्याय का सिलसिला दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, राजस्थान से लेकर असम तक जा पहुंचा। कई राज्यों ने अपराधी तत्वों पर अंकुश लगाने की मंशा जाहिर करते हुए बुलडोजर से दंड देने को कारगर तरीका मान लिया। जिसको लेकर सामाजिक प्रतिक्रिया के साथ ही राजनीतिक दलों की ओर से भी सख्त विरोध दर्ज किया गया। उन्होंने इसे अतार्किक और प्रचलित कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन बताया। हालांकि, समाज में आम लोगों के एक वर्ग में इसके प्रति समर्थन भी देखा गया। जिसका मानना था कि न्यायिक प्रक्रिया में दंड देने की अवधि खासी लंबी होती है। जिसके चलते धनबल और बाहुबल के आधार पर अपराधी मामले को लंबा खींचने में सफल हो जाते हैं। दरअसल, समाज के एक वर्ग में इस शीघ्र न्याय की आकांक्षा की सरकारों ने अपनी प्राथमिकताओं व सुविधाओं के अनुसार व्याख्या कर दी। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर इस कार्रवाई के बचाव में कई तरीके के तर्क गढ़े जाते रहे। जिसके चलते बुलडोजर न्याय की तार्किकता को लेकर दुविधा पैदा हुई। यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने ऐसे तमाम सवालों पर मंथन करते हुए कानूनन और संवैधानिक दृष्टि से नागरिकों के अधिकारों की रक्षा को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया। जो आम नागरिकों को सत्ता की निरंकुशता से बचाव का कवच उपलब्ध कराता है। साथ ही यह फैसला न्याय व्यवस्था के प्रति जनता के भरोसे को भी बढ़ाता है। इसमें दो राय नहीं कि इस फैसले के जरिये शीर्ष अदालत ने कार्यपालिका को उसकी सीमा का अहसास ही कराया है। दूसरे शब्दों में, खुद ही आरोप तय करके और खुद ही न्याय करने की लोकसेवकों की कोशिश को सिरे से नकार दिया है। कोर्ट ने आईना दिखाया कि शासन-प्रशासन ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर अन्याय करने वाले कथित बुलडोजर न्याय को तार्किक बताने का प्रयास किया। जबकि बिना मुकदमा चलाये किसी को सजा देने का अधिकार किसी लोकसेवक को नहीं है। वैसे भी किसी भी अपराधी के कृत्य की सजा उसके पूरे परिवार को नहीं दी जा सकती। किसी एक घर को बनाने में व्यक्ति के जीवन की पूरी पूंजी लग जाती है। जिसे कुछ घंटों में बिना प्रतिवाद का मौका दिए ध्वस्त करना, जंगलराज का ही पर्याय कहा जा सकता है। यही वजह है कि अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यदि किसी व्यक्ति का घर तोड़ने की कार्रवाई कानून की प्रक्रिया के विरुद्ध पायी जाती है तो तोड़े गए घर को बनाने का खर्च संबंधित अधिकारी के वेतन से काटा जाएगा। लेकिन दूसरी ओर अपने फैसले के आलोक में शीर्ष अदालत यह बताने में नहीं चूकी कि यह फैसला सरकारी जमीन, सार्वजनिक स्थलों मसलन रेलवे लाइन, फुटपाथ, सड़क पर किए गए अतिक्रमण या गैरकानूनी निर्माण पर लागू नहीं होगा। वैसे यह भी एक हकीकत है कि सार्वजनिक भूमि पर होने वाले अनधिकृत निर्माण और अतिक्रमण रातोंरात नहीं होते। ये अवैध कार्य राजनीतिक संरक्षण व नौकरशाही की मिलीभगत के बिना संभव नहीं हैं। कई मामलों में महीनों नहीं, सालों तक कोई कार्रवाई नहीं होती। जिससे कब्जा करने वालों के हौसले बढ़ते हैं। निश्चित रूप से किसी अवैध संरचना को समयबद्ध और कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए ही ध्वस्त किया जा सकता है। साथ ही प्रतिवादी को अपनी बात रखने का मौका भी मिलना चाहिए। कह सकते हैं कि शीर्ष अदालत ने सख्त फैसला देने के साथ न्यायिक संतुलन का आदर्श प्रस्तुत किया है। जो कालांतर लोकतांत्रिक देश में संवैधानिक मूल्यों को समृद्ध करेगा।

# भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और पंडित जवाहरलाल नेहरू

एल.एस. हरदेनिया

महान क्रांतिकारी, देश के पहले प्रधानमंत्री, शांतिदूत, चिंतक एवं लेखक पंडित जवाहरलाल नेहरू का 14 नवंबर को जन्मदिन होता है। उनके जन्मदिन पर उन्हें हम याद करते हैं। परम्परा के अनुसार दुनिया में अपने पुरखों को याद किया जाता है। हमारे पुरखे कैसे भी हों हम उन्हें याद करते हैं। एक चपरासी का पुत्र यदि आईएएस बन जाता है तो उसका सारा



श्रेय वह अपने पिता को देता है। दूसरे देशों में भी यह परम्परा कायम है। चीन में भले ही कम्युनिस्ट क्रांति हुई हो और कम्युनिस्टों का राज आ गया हो फिर भी वहां सुन यात-सेन को याद किया जाता है। क्यूबा में फिडेलकेस्ट्रो अपने देश के अनेक क्रांतिकारियों को याद करते हैं। मैंने स्वयं अपनी क्यूबा यात्रा के दौरान केस्ट्रो को वहां के पूर्वजों को याद करते सुना है। अमेरिका में वहां के राष्ट्र की स्थापना करने वाले वाशिंगटन को अमेरिका की क्रांति के दिवस पर याद किया जाता है। अमेरिका ने उन्हें सबसे बड़ी श्रद्धांजलि अपनी राजधानी को उनके नाम पर रखकर दी है। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डी.सी. है। परन्तु यह दुरूखद स्थिति है कि देश के अधिसंख्य अखबार 14 नवंबर को जवाहरलाल नेहरू को याद नहीं करते हैं। उन्हें श्रद्धांजलि के रूप में यहां प्रस्तुत है उनके द्वारा हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे के सम्मान में संविधान सभा में दिये गये भाषण के अंश। हमारे देश का झंडा कैसा हो, उस झंडे के पीछे कौन सा विचार है, उसका इतिहास क्या है। इस पर संविधान सभा में लंबी बहस हुई थी। बहस की शुरूआत पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। नेहरू जी ने इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया था। अपने भाषण की शुरूआत करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस संबंध में प्रस्ताव पेश करने को कहा गया है। प्रस्ताव इस प्रकार था- हमारे देश के झंडे का स्वरूप क्या होगा? इसमें कौनसे रंग डाले जायेंगे। यह हमें तय करना है। इस संबंध में उन्होंने विस्तृत प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव पर चर्चा प्रारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव बहुत ही सादा है। इसमें न तो कोई चमक है और न ही कोई अन्य गर्माहट। परंतु मुझे पूरा विश्वास है कि इस संदर्भ में लोगों की क्या भावना होगी। परंतु मैं जानता हूँ कि इस झंडे का एक इतिहास है। कभी-कभी यह लगता है कि इसके पीछे सदियों का इतिहास है। इस झंडे के पीछे इतिहास की अनेक करवटें हैं, विशेषकर पिछले 25 साल की। अनेक स्मृतियां मुझे झकझोर रही हैं। मैं और इस सदन में अनेक लोग यह महसूस करेंगे कि हमने इस झंडे को किस गर्व से और किस उत्साह से देखा। उसकी आवाजें आज भी हमारे कानों में सुनाई पड़ रही हैं। यह झंडा हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस सदन में ऐसे अनेक लोग हैं जो झंडे को अंत तक सम्हाले रहे। इस झंडे को सम्हालने वाले ऐसे अनेक लोग हैं जो हमारे बीच में अब नहीं रहे। जो इसे अंत तक सम्हाले रहे हैं और जो इसे सम्हाले हुए मौत से भी नहीं डरे। सच पूछा जाये तो इस झंडे का संघर्ष का इतिहास है। जिस संघर्ष के माध्यम से हम आजादी की कामना करते रहे और आज भी कर रहे हैं। इस झंडे को जब हम हाथ में लेते हैं तो हमें एक प्रकार की विजय महसूस होती है। इस तरह मैं यह प्रस्ताव पेश कर रहा हूँ। मैं इस प्रस्ताव से इस झंडे की परिभाषा रख रहा हूं और वह परिभाषा क्या होनी चाहिए यह भी बता रहा हूँ। यह झंडा हमें बड़े से बड़ा बलिदान करने की प्रेरणा देता है। वैसे हम सब ने इस झंडे को तरह-तरह के दृष्टिकोण से देखा है। परंतु मैं यह कहने की स्थिति में हूं कि जब हमने इस झंडे का स्वरूप तय किया था तब वह हमें बहुत ही सुंदर लगा था। वैसे तो हर झंडा सुंदर होना चाहिए परंतु जब वह किसी देश की चेतना का प्रतीक होता है तो उसका सुंदर होना लाजमी है। इस झंडे के आसपास अनेक महत्वपूर्ण घटनाएं हुई हैं जिन्हें हम सदा याद करेंगे। इन घटनाओं के याद आते ही हम दुखी हो जाते हैं। यह झंडा हमें अंतिम मंजिल पाने की प्रेरणा देता है। शायद हम अपनी अंतिम मंजिल उस रूप में पैदा न कर पायें जिसकी हमने परिकल्पना की थी परंतु हमें यह भी याद रखना चाहिए कि हम बहुत कम उन सपनों को साकार कर पाते हैं जो हमने देखे हैं। इस संदर्भ में हमें बहुत उदाहरण याद रहते हैं। कुछ सालों पहले एक बड़ा युद्ध लड़ा गया था। उस युद्ध ने मानवता पर अनेक संकट लादे थे। कुछ राष्ट्र उस युद्ध के माध्यम से आजादी और लोकतंत्र हासिल करना चाहते थे। कुछ ने उस युद्ध के दौरान अपनी आजादी भी खोई और लोकतंत्र को भी खोया। उस युद्ध में ऐसे लोगों ने सफलता पाई जो आजादी और लोकतंत्र के हामी थे। परंतु कुछ समय बाद फिर दूसरा युद्ध चालू हो गया, जिसने फिर अनेक मुसीबतें मानवता पर लादीं। आजादी दुनिया के अनेक राष्ट्रों के लिए अभी भी दूर की मंजिल है। हम भी ऐसे ही राष्ट्रों में से हैं जिनके लिए आज भी आजादी दूर की मंजिल है। इसमें शर्म करने की जरूरत नहीं है क्योंकि अभी तक हमने जो हासिल किया है वह कम भी नहीं है। इसलिए ऐसे समय में यह उचित होगा कि जो कुछ हमने हासिल किया है उसके प्रतीक के रूप में हम इस झंडे को स्वीकार करें। ऐसे अवसर पर हमें सोचना चाहिए कि आखिर आजादी क्या है? आजादी के लिए संघर्ष करने का अर्थ क्या है? मेरी मान्यता है कि आजादी उस समय तक जरूरी है जब हमारे देश में एक भी इंसान ऐसा हो जो अपने को आजाद अनुभव नहीं कर रहा हो। हमारे देश में तो क्या अगर दुनिया में भी अगर ऐसा इंसान है जिसे भूख का सामना कर पढ़ रहा हो, जिसे अपना शरीर ढंकने के लिए यथेष्ट कपड़े नहीं हों, जो इंसान की जीवन की कुछ महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को प्राप्त नहीं कर पा रहा हो, जिसके लिए प्रगति के दरवाजे अभी भी बंद हैं। यदि ऐसी स्थिति है तो उसे मैं आजादी नहीं मानूंगा। मैं सही आजादी उसे मानूंगा जब हमारी आने वाली पीढ़ियां ऐसा समाज हासिल कर सकें जिसमें वह सब प्राप्त हो जाये जिसका वर्णन मैंने किया है। या जिन्हें इस तरह की स्थितियाँ प्राप्त करने में कठिनाई महसूस न हो। वैसे मैं जानता हूं कि जो कुछ हम चाहते हैं उसे पूर्ण रूप से हासिल करना संभव नहीं है।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा मैरिज होम संचालकों संग पुलिस लाइन स्थित सभागार में गोष्ठी आयोजित की गयी

इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर




एवं अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे। गोष्ठी को दौरान महोदय द्वारा मैरिज होम संचालकों को निम्नलिखित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए 1–शादियों में छोटे बच्चों का गैंग घूमता है जो कि कीमती सामान को गायब कर देता है और उन पर शक भी नहीं होता है अतः मैरिज होम में कीमती सामान रखने के लिए सुरक्षित सेफ बनायी जाए एवं विधिवत वर / वधू पक्ष को वहाँ अपना विश्वासपात्र व्यक्ति रखने के लिए बताया जाए। 2–पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए साथ ही वहा पर गार्ड नियुक्त किया जाए जिससे वाहनों की निगरानी की जा सके। 3–मैरिज होम में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाए जाने चाहिए जिससे अन्दर बाहर आने जाने वाले गेट पार्किंग पर पूर्ण निगरानी रखी जा सके 4– हर्ष फायरिंग पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। इसका अवश्य पालन होंना चाहिए। 5–माननीय न्यायालय के आदेश निर्देशों के क्रम में डीजे की ध्वनी तीव्रता व समय का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। 6–प्रत्येक मैरिज होम संचालक को मैरिज होम बुक करने से पहले मैरिज होम की शर्तों के पालन हेतु दोनों पक्षों ( वर व वधु पक्ष) से हस्ताक्षर करा लेने चाहिए जिसमें मैरिज होम की किन–किन शर्तों को पूरा करना है जैसे कि हर्ष फायरिंग व डीजे की गाइडलाइन से सम्बन्धी सभी शर्तें स्पष्ट रूप से लिखी होंनी चाहिए एवं उनका पालन दोनों पक्षों को करना है अन्यथा सम्बन्धित थाने द्वारा विधिक कार्यवाही की जाएगी। 7–शादियों में छोटे बच्चों का गैंग घूमता है जो कि कीमती सामान को गायब कर देता है। संदिग्ध छोटे बच्चों पर 8–फायर सेफ्टी हेतु मैरिज होम में अग्निशमन विभाग की शर्तों के अनुसार पर्याप्त अग्निशमन उपकरण उचित इंतजाम होंने चाहिए। 9–कुछ मैरिज होम मालिकों, संचालकों द्वारा कैटरिंग व्यवस्था उपलब्ध करायी जाती है जिसमें साफ सफाई रहे जिससे फूड़ प्वाइंजनिग न हो इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

# थाना सिरसागंज पुलिस ने कच्ची शराब बनाते समय एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

इटावा एक्सप्रेस। थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद


थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा 150 लीटर लहन व 80 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब बनाते समय मय उपकरण (शराब भट्टी) एक अभियुक्त बाबूराम को गिरफ्तार किया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा अवैध रूप से नशीले पदार्थो की बिक्री व अवैध शराब एवं तस्करी करने वालों के विरुद्ध प्रचलित अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में दिनांक 13.11.2024 को अभियुक्त द्वारा एमडी जैन कालेज के पीछे खाली जगह मौहल्ला गिहार कालौनी कस्बा सिरसागंज में अवैध 150 लीटर लहन व 80 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब बनाते समय मय उपकरण के अभियुक्त 1. बाबूराम पुत्र



लल्लू निवासी गिहार कॉलोनी कस्बा व थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 495/2024 धारा 274/275 बीएनएस व 60/60(2) आबकारी अधिव बनाम बाबूराम उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई है तथा 150 लीटर लहन को मौके पर ही नष्ट किया गया।

# इटावा जनपद के बहुचर्चित लालपुरा में सर्राफा कारोबारी द्वारा अपने परिवार के हत्याकांड में पुलिस की बड़ी कार्यवाही

आरोपी मुकेश वर्मा के भाई अखिलेश वर्मा और बुआ के लड़के मनोज कुमार को पुलिस ने भेजा जेल एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि मुकेश ने सीओ सिटी अमित कुमार सिंह को जो सुसाइड नोट भेजा था उसमें मनोज ने लिखा था कि उसके भाई अखिलेश और बुआ के लड़के मनोज ने बड़ी रकम ले रखी है जो वापस नहीं कर रहे है मनोज के सुसाइड नोट और पुलिस के सामने कबूलनामे के आधार पर



दोनों को आत्महत्या के लिए उकसाने के आधार पर पुलिस ने इन दोनों आरोपियों को इटावा रोडवेज बस स्टैंड के पास से मुखबिर की सूचना पर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान और कोतवाली की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।

# सेंटमेरी स्कूल का प्रांगण बाल दिवस की किलकारियों से गूंजा

इटावा एक्सप्रेस। सेंटमेरी इंटर कॉलेज में बाल दिवस प्रिंसिपल फादर शीजू जार्ज, मेनेजर फादर बिनसन, प्राइमरी इंचार्ज सिस्टर जोसमिन व इंस्पेक्टर सिविल लाइन यशवन्त सिंह की उपस्थिति में बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिक्षकों द्वारा प्रार्थना सभा की गई, टीचर तुषार दीक्षित ने सभी को देश के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई व अध्यापिका स्टेफी ने बाल दिवस का संदेश दिया। सेंटमेरी की टीचर भूमिका,जयश्री व रिया के सुमधुर गायन से पूरा प्रांगण करतल ध्वनि से गूंज उठा। मेनेजर फादर बिनसन ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सेंटमेरी की पूर्व छात्रा एवं वर्तमान शिक्षिका शायना वसीम ने बच्चों से अपने हृदय के उदगार बांटे, इसी के साथ शिक्षकों द्वारा फैशन एक्ट सबसे अधिक सराहनीय और मनोरंजक रहा,जिसे शायना मैडम की कमेंट्री ने और रोचक बना दिया। इसी क्रम में अनेक शिक्षकों ने मंच पर आकर बच्चों की आंतरिक क्षमताओं का विवेचन हाथ में ली गई लिखित पट्टिकाओं द्वारा






किया। वरिष्ठ शिक्षिका उमा जी ने काव्य पाठ के माध्यम से सभी बच्चों को शिक्षा दी और नेहरू जी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। विद्यालय की शिक्षिकाओं और अजय सर द्वारा दी गई नृत्य की प्रस्तुति ने बच्चों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रिंसिपल फादर शीजू जार्ज और संतोष सर द्वारा विभिन्न गानों की झलकियों की मनमोहक प्रस्तुति पर बच्चों की तालियों से पूरा प्रांगण गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर विभिन्न छात्र छात्राओं और शिक्षिका अलसीना को आज उनके जन्मदिन पर मंच पर बुलाकर सभी ने जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का कुशल संचालन वरिष्ठ शिक्षिका सीनियर टीचर लिजी मेम ने किया। कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में सेंटमेरी परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

# डी एम रमेश रंजन ने जिले भर में चल रहीं निर्माणाधीन परियोजनाओं का किया आकस्मिक निरीक्षण

इटावा एक्सप्रेस फिरोजाबाद। डीएम रमेश रंजन ने जिले भर में चल रहीं निर्माणाधीन परियोजनाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। सबसे पहले वह कलेक्ट्रेट भवन परिसर में बन रहे पर्यटन सूचना केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे। जिसका निर्माण यूपी पीसीएल नामक कार्यवादी संस्था कर रही है। इसका निर्माण कुल 2318.6 लाख रुपए से हो रहा है। इस योजना को सितंबर 2026 तक पूरा किया जाना है, जबकि इसकी वित्तीय प्रगति 13 प्रतिशत और भौतिक प्रगति 10 प्रतिशत पाई गई। धीमी प्रगति पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की।



यहीं पर बन रहे ग्लास म्यूजियम के निर्माण कार्य का भी उन्होंने निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत गलामई शिकोहाबाद में मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित मॉडल तालाब देखे। सिरसागंज में बन रहे सांस्कृतिक संकुल का निर्माण कार्य देखा। आर्य गुरुकुल महाविद्यालय में 16, 17, 18 नवंबर को स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर होने वाले विशाल धर्म सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। डीएम ने आयोजन की जानकारी ली। इस मौके पर सीडीओ शत्रोहन वैश्य, परियोजना निदेशक और उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद व सिरसागंज आदि जिला स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# प्रेक्षक महोदय की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई

सांसद, विधायकगण, राजनैतिक दलों के साथ अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन नामावलियों की जानकारी सभी को अवश्य होनी चाहिए जिससे किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि 24 साल के ऊपर वालों के फॉर्म बीएलओ द्वारा चौक करके भरा जाए। उन्होंने राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्या को लेकर समस्त संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ब्लॉक एवं स्कूलों पर पुनरीक्षण अभियान के दौरान कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए सभी ब्लॉक एवं स्कूलों पर फर्नीचर




आदि की व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए एवं ब्लॉक स्तर पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की उपस्थित अनिवार्य है बैठक के दौरान अमर सिंह शाक्य जिला सचिव मंडल सदस्य माकपा ,संतोष शाक्य जिला सचिव मंडल सदस्य माकपा ,इकरार अहमद जिला महासचिव आम आदमी पार्टी ,मलखान सिंह जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी, रविंद्र कुमार बिल्लू जिला महासचिव बीएसपी, पल्लव दुबे अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी ,विष्णु कांत मिश्रा उपाध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, जिलाधिकारी अवनीश राय ,अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव ,उप जिलाधिकारी भरथना सुशांत श्रीवास्तव ,उप जिलाधिकारी जसवंतनगर कुमार सत्यम जीत, जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव, समस्त तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे

# जायण्ट्स दतावली द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 17 नवंबर 2024 को होगा।

चिकित्सा दान महादान को आत्मसात् करते हुए जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर शिवराज सिंह यादव सदस्य केन्द्रीय समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन एवं श्रीमती ऊषा यादव निवर्तमान अध्यक्ष फेडरेशन 5 के संयोजकत्व में 17 नवंबर




दिन रविवार को प्रातः काल 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिवर संयोजक डॉक्टर शिवराज सिंह यादव ने बताया कि शिविर में जोड़ों के दर्द, श्वास खांसी, महिला सम्बंधित रोग ल्यूकोरिया, मासिक धर्म अनियमितता, मैनापोज, गर्भाशय में ट्यूमर आदि, नपुंसकता, डेंगू, चिकनगुनिया टाईफाइड समेत समस्त प्रकार के बुखार, पथरी, बवासीर, चर्मरोग, हृदयरोग आदि से पीड़ित रोगियों को निशुल्क परामर्श दिया जाएगा। मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप आयोजक राजस्थान औषधालय प्राइवेट लिमिटेड मुम्बई द्वारा 5 दिन की औषधियां मुफ्त प्रदान की जायेगी जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली की अध्यक्ष श्रीमती संगीता तिवारी ने बताया कि शिविर में हिमालय ड्रग्स, मैनकाइंड,एफ डी सी आदि दवा निर्माता कंपनियों के सहयोग से भी यथा संभव औषधियां निशुल्क वितरित की जायेगी। श्रीमती ऊषा यादव ने बताया कि शिविर में रोगियों को रक्त मल मूत्र एवं बलगम आदि की समस्त जांच होल बाड़ी जांच आदि की सुविधा जायण्ट्स परिवार के सदस्यों द्वारा संचालित पैथोलॉजी लेब के माध्यम से 30 प्रतिशत रियायत के साथ मुहैया होगी।

# इन लोगों के लिए जहर समान है एक गिलास दूध, इसे पीते ही लाल हो जाता है पूरा शरीर

वैसे तो दूध को कंप्लीट फूड माना जाता है, लेकिन यह कुछ लोगों के लिए यह बेहद खतरनाक भी साबित हो सकता है। दूध में मौजूद कैसिइन नाम का प्रोटीन कई लोगों के लिए एलर्जी का कारण बन जाता है, जिसे मिल्क एलर्जी भी कहा जाता है। यह तब होता है जब शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली दूध में मौजूद प्रोटीन को पहचानने में असमर्थ होती है और इसे हानिकारक तत्व मानकर उस पर प्रतिक्रिया करती है। यह समस्या अक्सर बच्चों में पाई जाती है, लेकिन कुछ मामलों में यह बड़ों में भी हो सकती है।



किन लोगों को होती है दूध से एलर्जी ?

बच्चों में यह एलर्जी अधिक आम है, खासकर जो गाय के दूध का सेवन करते हैं। जन्मजात संवेदनशीलता वाले बच्चों में यह समस्या जल्दी हो सकती है। जिनके परिवार में किसी को मिल्क एलर्जी है, उनके बच्चों को भी यह समस्या हो सकती है। जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, उनके शरीर में इस एलर्जी की प्रतिक्रिया अधिक होती है।

दूध एलर्जी का कारण

दूध में कैसिन और व्हे नामक दो प्रमुख प्रोटीन होते हैं। जिन लोगों को दूध से एलर्जी होती है, उनके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली इन प्रोटीन को पहचानने में समस्या महसूस करती है और प्रतिक्रिया के रूप में हिस्टामीन (रसायन) रिलीज करती है। इससे एलर्जी के लक्षण उत्पन्न होते हैं, जैसे कि त्वचा पर खुजली, सांस में दिक्कत, पेट दर्द, उल्टी, और दस्त।

दूध एलर्जी के लक्षण

- त्वचा पर रैशेस या खुजली
- पेट में मरोड़ या दर्द
- उल्टी या दस्त
- सांस लेने में कठिनाई
- गले में सूजन या खिचखिच

दूध एलर्जी से बचाव के तरीके

दूध के अलावा, पनीर, मक्खन, दही और क्रीम जैसी चीजों से भी परहेज करना चाहिए। खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर सामग्री को ध्यान से पढ़ें कि उनमें दूध या दूध से बने उत्पाद शामिल तो नहीं हैं। यदि एलर्जी के लक्षण दिखाई दें, तो डॉक्टर द्वारा सुझाए गए एंटीहिस्टामीन जैसी दवाओं का उपयोग करें।

दूध के विकल्प

यदि दूध एलर्जी है, तो निम्न विकल्पों का सेवन कर सकते हैंरू

सोया दूधः प्रोटीन से भरपूर और दूध का एक अच्छा विकल्प।

बादाम का दूधः कम कैलोरी और विटामिन ई से भरपूर।

ओट मिल्कः फाइबर युक्त और हल्का मीठा स्वाद।

नारियल का दूधः फैट की अधिकता और मीठा स्वाद।

दूध एलर्जी गंभीर हो सकती है, इसलिए समय रहते डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है।

# सांप की तरह दिखने वाली ये सब्जी डैंड्रफ से दिलाएगी छुटकारा, 70: लोग नहीं जानते इसके बारे में





क्या आपने चिचिंडा के बारे में सुना है। चिचिंडा एक ऐसी सब्जी है जो न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए अमृत समान है बल्कि डैंड्रफ जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने में भी आपकी मदद करती है। इसे विभिन्न क्षेत्रों में सांप की लौकी या पडवल भी कहा जाता है। चिचिंडा एक सस्ता और प्राकृतिक उपाय है, जो न केवल बालों के लिए बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसे अपनी डाइट और हेयर केयर रूटीन में शामिल करें।

चिचिंडा के फायदे

चिचिंडा में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो स्केल्प को हाइड्रेट रखता है और सूखापन कम करता है। डैंड्रफ फंगल संक्रमण के कारण हो सकता है। चिचिंडा में एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो इसे कम करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन्स और खनिज बालों को मजबूत और स्वस्थ रखते हैं। हालांकि लगभग 70: लोग इस सब्जी के बारे में नहीं जानते

चिचिंडा से डैंड्रफ के लिए घरेलू उपाय

चिचिंडा का रसः चिचिंडा को कद्दूकस कर उसका रस निकाल लें। इसे स्केल्प पर 20-30 मिनट तक लगाएं और फिर हल्के शैम्पू से धो लें। इसे हफ्ते में 2-3 बार करें।

चिचिंडा और नारियल तेलः चिचिंडा का पेस्ट बनाएं और उसमें 1 चम्मच नारियल तेल मिलाएं। इस मिश्रण को स्केल्प पर लगाकर हल्की मालिश करें और 30 मिनट बाद धो लें।

हेयर मास्कः चिचिंडा का पेस्ट, दही, और शहद को मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें। इसे बालों पर लगाकर 1 घंटे के बाद धो लें।

कहां पाई जाती है चिचिंडा?

चिचिंडा गर्म और नम जलवायु में उगने वाली सब्जी है। यह भारत के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर उत्तर और पूर्वी राज्यों में व्यापक रूप से उगाई जाती है। मानसून के मौसम में यह अधिक मात्रा में उपलब्ध होती है।

डैंड्रफ से बचने के अन्य सुझाव

1. बालों को नियमित धोएं और साफ रखें।

2. फंगल इंफेक्शन से बचने के लिए बालों को गीला न छोड़ें।

3. डाइट में विटामिन ए और सी युक्त आहार शामिल करें।

## खूबसूरत ट्रेन नजारे की यात्रा पर जाना चाहते हैं, तो इन 5 साउथ इंडिया के रेल रुट मजा लें

हम सभी कहीं भी किसी यात्रा पर जाते हैं, तो ट्रेन से जरुर जाते हैं। ट्रेन यात्रा के समय खिड़की वाली सीट होना एक अलग ही अनुभव प्रदान करता



है। ट्रेन में बैठे-बैठे खूबसूरत हश्य देखने का एक अलग ही मजा होता है। अगर आप साउथ इंडिया की ट्रिप पर जा रहे हैं तो इन खूबसूरत ट्रेन रुट्स के बारे में एक बार जरुर जान लें।

प्रत्येक दिन लाखों लोग ट्रेन में सफर जरुर करते हैं। ट्रेन से सफर तय करने का सबसे बेहतरीन साधन है। अगर आपको भी ट्रेन से सफर करना पसंद है तो आज हम आपको इस लेख में बताएंगे कि साउथ इंडिया की खूबसूरत ट्रेन रुट्स के बारे में, जहां आप भी कर सकते हैं सफर। जब आप इन ट्रेन रुट्स से गुजरेंगे तो आपको ऐसा लगेगा कि एक पल के लिए यहीं ठहर जाएं।

बेंगलुरु से गोकर्ण

कर्नाटक के गोकर्ण सिर्फ वहां के लोगों के लिए ही नहीं बल्कि देश के शिव भक्तों और समुद्र तट के प्रेमियों के लिए किसी जन्नत से कम नहीं जगह। जब बेंगलुरु से गोकर्ण के लिए सीधी ट्रेन जाती है, तो रास्ते में आपको हरे-भरे कॉफी बागानों और सुंदर पुलों का नजारा देखने को मिलेगा। इस ट्रेन रुट का पूरा रास्ता आपके घने हरे-भरे जंगलों से जाता है। यदि आप इस रुट से यात्रा का प्लान कर रहे हैं, तो कारवार एक्सप्रेस से यात्रा का प्लान बना सकते हैं। यह ट्रेन हफ्ते में 3 दिन चलती है।

वर्कला से कन्याकुमारी

गौरतबल है कि कन्याकुमारी साउथ इंडिया में सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। केरल के वर्कला से शुरू होकर कन्याकुमारी तक जाने वाले इस ट्रेन रुट पर प्राकृतिक नजारे से भरे हुए है। इस रुट पर आप ट्रैवल करने के लिए खूब पसंद करेंगे। इस ट्रेन रुट पर सफर करने के दौरान ऐसा लगेगा कि आधे से ज्यादा खूबसूरत वादियों को कवर कर लिया है। आपको बता दें कि आइलैंड एक्सप्रेस वर्कला से कन्याकुमारी तक चलती है। यह ट्रेन करीब 4 घंटों में 127 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

मेट्टुपालयम से ऊटी

ऊटी हिल स्टेशन तमिलनाडु का सबसे खूबसूरत है। इस हिल स्टेशन पर कई खूबसूरत ट्रेन रुट्स है, जहां आप प्राकृतिक खूबसूरती देख सकते हैं। यहां पर आप शांत वातावरण के साथ ही हरे-भरे पेड़-पौधे देखने को मिलेंगे, जिससे आपको काफी सुकून मिलेगा।

## 'हमने तीन टी20 में भारत के बेखौफ तेवर देखे', निर्णायक मुकाबले से पहले बोले कोच वीवीएस लक्ष्मण

**जोहानिसबर्ग ।** भारत के कार्यवाहक मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि उनकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में बेखौफ क्रिकेट खेली और उनका मानना है कि इसके पीछे दुनिया भर में टीम को मिलने वाला समर्थन है। भारत चार मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। आखिरी मैच वांडरर्स पर शुक्रवार को खेला जाएगा। लक्ष्मण ने गुरुवार की रात भारतीय टीम के स्वागत में आयोजित समारोह में कहा, 'पिछले तीन मैच में हमने देखा कि टीम ने निर्भय होकर खेला है।' उन्होंने कहा, 'विदेश में किसी भी दौरे पर हम खेल के जरिये दर्शकों का मनोरंजन करने की कोशिश करते हैं। हमें हमेशा लगता है कि हम अपने देश में खेल रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'इसका कारण दुनिया भर में बसे भारतवंशी और भारतीय क्रिकेट टीम के प्रशंसक हैं। वे भारतीय टीम और भारतीय क्रिकेटरों से बहुत प्यार करते हैं। मुझे नहीं पता कि वे घरेलू टीम या हमारी टीम का समर्थन कर रहे थे लेकिन दर्शकों में हरे से ज्यादा नीला रंग दिख रहा था।' कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि व्यस्त दौरे पर भारतीय समुदाय से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा, 'अपने देश से बाहर खेलने पर भारतीय समुदाय से मिलकर हमेशा अच्छा लगता है। ऐसा लगता है मानो हम अपने घर पर ही हैं।' भारतीय महा वाणिज्यदूत महेश कुमार ने कहा कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच एक शताब्दी पुराने क्रिकेट संबंध दोनों देशों के बीच व्यापक संबंधों के लिये मॉडल बन सकते हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अध्यक्ष पर्ल माफोशे ने भारतीय टीम से 2025 में दक्षिण अफ्रीका लौटने की अपील की। दोनों टीमें वांडरर्स स्टेडियम में भिडेंगी। भारत के लिए यह मैदान हमेशा से भाग्यशाली रहा है।



# हरियाणा के अंशुल कंबोज ने रणजी में रचा इतिहास, एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज


**लाहली ।** 23 वर्षीय गेंदबाज अंशुल कंबोज ने केरल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर दस विकेट लिए। हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी में इतिहास रच दिया। वह रणजी ट्रॉफी में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। इस 23 वर्षीय गेंदबाज ने केरल के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 30.1 ओवर में 49 रन देकर दस विकेट लिए। रणजी ट्रॉफी में उनसे पहले बंगाल के प्रेमांगशु चटर्जी (20 रन देकर 10 विकेट, बंगाल बनाम असम, 1956) और राजस्थान के प्रदीप सुंदरम (78 रन देकर 10 विकेट, राजस्थान बनाम विदर्भ, 1985) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। कुल मिलाकर कंबोज प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10 विकेट लेने वाले छठे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले अनिल कुंबले, सुभाष गुप्ते और देबाशीष मोहंती ऐसा कर चुके हैं। तेज गेंदबाज कंबोज को तीसरे दिन का



खेल शुरू होने से पहले यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने बासिल थम्पी और शॉन रोजर के विकेट लेकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी शानदार गेंदबाजी से हरियाणा ने केरल को पहली पारी में 291 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान कंबोज ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 50 विकेट भी पूरे किए। स्नेहल-कश्यप ने निभाई थी 606 रन की साझेदारी इससे पहले गोवा के स्नेहल कौथांकर और कश्यप बाकले ने रणजी ट्रॉफी में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया था। दोनों ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए अटूट 606 रन जोड़े थे। यही नहीं, दोनों ने तिहरे शतक भी जड़े। स्नेहल ने 215 गेंद में 45 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 314 और कश्यप बाकले ने 269 गेंद में 39 चौकों, दो छक्कों की मदद से नाबाद 300 रन बनाए थे। इन दोनों की बदौलत गोवा ने रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ दो विकेट पर 727 रन का बड़ा स्कोर बनाया। गोवा ने अरुणाचल को दूसरी पारी में 92 रन पर समेटते हुए पारी और 511 रन से बड़ी जीत भी हासिल की। दोनों ने महाराष्ट्र के स्वप्निल गुगाले और अंकित बवाने की ओर से दिल्ली के खिलाफ 2016-17 में निभाई गई 594 रन की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। सबसे बड़ी साझेदारी कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने के नाम है। दोनों ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2006 में 624 रन की साझेदारी निभाई थी। यह रणजी ट्रॉफी में दूसरा मौका है जब एक मैच में दो बल्लेबाजों ने तिहरे शतक जड़े। इससे पहले 1989-90 में डब्ल्यूवी रमन और एजी कृपाल सिंह ने गोवा के खिलाफ तमिलनाडु के लिए तिहरे शतक जड़े थे। स्नेहल ने 205 गेंद में तिहरा शतक लगाया।

# गुरु नानक जयंती पर घरेलू शेयर बाजार बंद, एशियाई सूचकांकों में दिखी बढ़त

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार बंद है। वहीं, शुक्रवार को अन्य एशियाई बाजारों में, जापान के निक्केई सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि हांगकांग के हैंग सेंग सूचकांक में 0.54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, साथ ही ताइवान के भारित सूचकांक में भी 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दक्षिण कोरिया के कसूचकांक में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड फिलहाल 72.13 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। आइए जानें बाजार का हाल। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की जयंती के उपलक्ष्य में प्रकाश पर्व के मौके पर शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार बंद रहेंगे। यह अवसर, भारत और दुनिया भर में सिख समुदाय की ओर से व्यापक रूप से मनाया जाता है, यह पर्व गुरु नानक देव की शिक्षाओं और विरासत की याद दिलाता है, जिन्होंने समानता, करुणा और मानवता की सेवा का संदेश दिया। छुट्टी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई), और मुद्रा व कमोडिटी बाजारों सहित अन्य



प्रमुख वित्तीय बाजार पूरे दिन इक्विटी और डेरिवेटिव ट्रेडिंग दोनों के लिए बंद रहेंगे। सोमवार, 18 नवंबर को बाजार अपने नियमित समय पर खुलेगा। शुक्रवार को अन्य एशियाई बाजारों में, जापान के निक्केई सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि हांगकांग के हैंग सेंग सूचकांक में 0.54 प्रतिशत की वृद्धि हुई, साथ ही ताइवान के भारित सूचकांक में भी 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि, इस रिपोर्ट को दाखिल करने के समय दक्षिण कोरिया के डडरढकसूचकांक में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड फिलहाल 72.13 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। गुरुवार को भारतीय बेंचमार्क शेयर सूचकांक लगातार छठे दिन गिरकर कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 110.64 अंक या 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,580.31 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 26.35 अंक या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,532.70 अंक पर बंद हुआ। क्षेत्रीय सूचकांकों में मिले-जुले रुझान दिखे; निफ्टी बैंक, ऑटो और मीडिया हरे निशान पर रहे, जबकि एफएमसीजी, फार्मा और पीएसयू बैंक लाल निशान पर रहे। सूचकांकों में लगातार गिरावट कई कारकों के कारण है, जिसमें दूसरी तिमाही के परिणामों में कंपनियों की अपेक्षाकृत कम आय, निरंतर विदेशी फंड का बहिर्वाह और बढ़ती घरेलू मुद्रास्फीति- खुदरा और थोक दोनों शामिल हैं। गुरुवार को अमेरिकी बाजारों में, एसएंडपी 500 और नैस्डैक दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

# एशियाई वृद्धि की अगली लहर का नेतृत्व करेगा भारत, मॉर्गन स्टेनली का दावा

**नई दिल्ली।** मॉर्गन स्टेनली के दावों के अनुसार उपरोक्त चार अर्थव्यवस्थाओं का सामूहिक रूप से 2027 तक एशिया के नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वृद्धि में 53 प्रतिशत योगदान होने की उम्मीद है। कोरोना से पहले के समय में 33 फीसदी का योगदान था। रिपोर्ट के अनुसार, उपरोक्त प्रकार के बदलाव तब आते हैं। भारत जैसी अर्थव्यवस्थाएं एशिया के विकास की अगली लहर को चलाने के लिए तैयार हैं, क्योंकि क्षेत्र के विकास



में चीन का योगदान घटने वाला है। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में कहा गया है कि इंडोनेशिया, फीलीपीन और मलयेशिया जैसी अन्य उभरती दक्षिण पूर्व एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के साथ एशिया में विकास की अगली लहर का नेतृत्व भारत करेगा। क्या कहता है रिपोर्ट? गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, उपरोक्त चार अर्थव्यवस्थाओं का सामूहिक रूप से 2027 तक एशिया के नॉमिनल सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वृद्धि में 53 प्रतिशत योगदान होने की उम्मीद है। कोरोना से पहले के समय में 33 फीसदी का योगदान था। रिपोर्ट के अनुसार, उपरोक्त प्रकार के बदलाव तब आते हैं, जब जनसांख्यिकीय परिवर्तन, नीतिगत प्राथमिकताएं और देश मिलकर क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ दशकों में एशिया का आर्थिक आकार तेजी से बढ़ा है। 1980 में इसकी नॉमिनल जीडीपी केवल 2.1 लाख करोड़ डॉलर से बढ़कर 2024 में अनुमानित 34 लाख करोड़ डॉलर हो गई है। एजेंसी 2027 तक 39 लाख करोड़ डॉलर होगी एशियाई देशों की जीडीपी 2027 तक एशिया की जीडीपी 39 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगी। इससे एशिया सबसे तेजी से बढ़ने वाला प्रमुख आर्थिक क्षेत्र बन जाएगा। हालांकि, इसकी गति ऐतिहासिक रिकॉर्ड की तुलना में धीमी हो सकती है। विकास चालकों में यह बदलाव बदलती जनसांख्यिकी और विकसित होती सरकारी नीतियों को दर्शाती है। तेजी से बूढ़ी हो रही चीन की आबादी चीन की आबादी बूढ़ी हो रही है व उसकी अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही है। एशिया में युवा, उच्च विकास वाली अर्थव्यवस्थाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। भारत, इंडोनेशिया, फीलीपीन और मलयेशिया अनुकूल जनसांख्यिकीय रुझानों और आर्थिक विस्तार पर केंद्रित नीतियों से लाभान्वित होते हैं।

# 'अर्थव्यवस्था में वृद्धि को गति देने के लिए दरों को घटाए RBI'

## बढ़ती महंगाई पर बोले पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने महंगाई कम करने के लिए देश की अर्थव्यवस्था में रफ्तार देने की जरूरत का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकास को रफ्तार देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई को ब्याज दरों में कटौती करनी चाहिए। देश में बढ़ती महंगाई को लेकर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के सामने कुछ मांगे रखी है। जिसमें उन्होंने कहा कि विकास को रफ्तार देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई को ब्याज दरों में कटौती करनी चाहिए। उन्होंने



कहा कि दरों में कटौती का विकल्प चुनने के लिए खाद्य महंगाई पर विचार करना गलत सिद्धांत है। जिससे महंगाई दिसंबर में कम हो सकती है। अर्थव्यवस्था को रफ्तार की जरूरत है- गोयल गुरुवार को एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा, खाद्य पदार्थों के दाम में तेजी से खुदरा महंगाई के प्रबंधन का कोई लेना-देना नही है। अब समय आ गया है, जब नीति निमार्ता और मौद्रिक नीति समिति एक साथ तय करें कि क्या खाद्य पदार्थों के दाम को खुदरा महंगाई की गणना करने में शामिल किया जाए या नहीं। उन्होंने कहा कि इस पर गंभीरता से चर्चा हो। अर्थव्यवस्था को रफ्तार की जरूरत है। भारतीय स्टेट बैंक का कर्ज 0.05 फीसदी महंगा मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक यानी एसबीआई ने चुनिंदा अवधि वाले कर्ज की ब्याज दरों में 0.05 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें शुक्रवार से लागू होंगी। बैंक ने बताया, एक साल के कर्ज की ब्याज दर अब 9 फीसदी होगी। बैंक ने तीन और छह महीने की अवधि वाले कर्जों को भी महंगा कर दिया है। हाल के समय में दो बार कर्ज महंगा किया है। इसका कारण जमा जुटाने के लिए ज्यादा ब्याज देना पड़ रहा है।

# उपचुनाव: मुख्यमंत्री योगी और अखिलेश में सीधी लड़ाई

**लखनऊ।** यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को उपचुनाव है। उपचुनाव के नतीजों से सरकार पर तो कोई असर पड़ने वाला नही है लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की नाक का सवाल बन चुके हैं।दोनों लीडर पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। यूपी में होने वाले उपचुनाव को 2027 के विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माना जा रहा है। उपचुनाव के नतीजों से सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा लेकिन सियासी पार्टियो ने पूरी शक्ति लगा रखी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सीटें कम हुई थीं, बीजेपी अकेले बहुमत का आंकड़ा छूने में नाकाम रही है। 2024 के चुनाव नतीजों के बाद यूपी में पहला चुनाव हो रहा है जिसे यूपी में सत्ताधारी दल बीजेपी और मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है।दोनों दल उपचुनाव में ज्ध्यादा से ज्ध्यादा सीटें जीतने के लिए पूरी ताकत लगा रहे हैं। बीजेपी की कमान खुद योगी आदित्यनाथ ने संभाली है तो सपा की ओर अखिलेश चुनावी कैंपेन में जुटे हैं।दोनो नेता समझते हैं कि उपचुनाव के नतीजे उनके सियासी भविष्य को तय करने वाले होंगे।यूपी में जिन 9 सीटों पर विधानसभा के उपचुनाव होने वाले हैं, उनमें 5 सीटों पर बीजेपी और उनके सहयोगी दलों ने 2022 के आम विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। 4 विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी ने जीत दर्ज की थी। मीरापुर सीट रालोद ने सपा के साथ गठबंधन में जीती थी लेकिन अब रालोद ने बीजेपी से गठबंधन कर लिया है। 2022 में एनडीए ने जिन प्रदेश की मझवां, फूलपुर, खैर, गाजियाबाद और मीरापुर विधानसभा सीट पर जीत का परचम लहराया था। समाजवादी पार्टी ने कटेहरी, सीसामऊ, करहल और कुंदरकी विधानसभा सीट पर जीत हासिल की थी। सभी 9 सीटों पर बीजेपी और सपा आमने-सामने हैं। कटेहरी विधानसभा अयोध्या से सटे जिले अंबेडकरनगर की विधानसभा सीट है।लंबे समय से बीजेपी इस सीट पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के लालजी वर्मा इस सीट से विधायक बने लेकिन 2024 में अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से सांसद बनने के बाद लालजी वर्मा ने कटेहरी सीट से इस्तीफा दे दिया।इस वजह से यहां उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव में बीजेपी ने धर्मराज निषाद और सपा ने लालजी वर्मा की पत्नी शोभावती वर्मा को टिकट दिया है।बीएसपी ने अमित वर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है।मुख्य मुकाबला सपा और बीजेपी के बीच माना जा रहा है।कटेहरी में 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा को 93 हजार 524 वोट मिले थे, जबकि बीजेपी के सहयोगी दल निषाद पार्टी को 85,828 वोट मिले थे और बीएसपी को 58 हजार 482 वोट प्राप्त हुए थे। सपा ने 8 हजार 266 वोटों से कटेहरी सीट जीती थी। उपचुनाव में बीएसपी के वोट बैंक पर दोनो दलों की नजर है, जिसे बीएसपी का वोट ट्रांसफर होगा, वही कटेहरी में जीत दर्ज करेगा।कटेहरी में जातीय समीकरण के अनुसार एससी 87,000 मुस्लिम 50,000,ब्राह्मण 45,000, यादव 29,000 कुर्मी 42,000 निषाद 21,000 ठाकुर प्रजापति 11,000 राजभर 18,000 पाल 5,500 नाई 5,000 विश्वकर्मा 5,000 मौर्य 6,500 और बनिया 13,000 है।नमझवां विधानसभा मिजार्पुर जिले की एक विधानसभा सीट है. 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सहयोगी दल निषाद पार्टी की तरफ से डॉ विनोद बिंद चुनाव जीते। 2024 के लोकसभा चुनाव में डॉ विनोद बिंद बीजेपी के टिकट पर भदोही से लोकसभा सांसद बन गए और मझवां विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। 2022 के विधानसभा चुनाव में निषाद पार्टी को 1 लाख 3 हजार 235 वोट मिले और सपा को 69 हजार 648 वोट जबकि बीएसपी को 52 हजार 990 वोट मिले थे।बीजेपी गठबंधन ने इस सीट पर 33 हजार 587 वोटों से जीत हासिल की थी। उपचुनाव में सीधा मुकाबला बीजेपी और सपा के बीच है, लेकिन बीएसपी इस सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ती दिखाई दे रही है।बीजेपी ने सुचिस्मिता मौर्य को टिकट दिया है जबकि सपा ने पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी ज्योति बिंद को उम्मीदवार बनाया है।सपा और बीजेपी दोनों ने ही ओबीसी उम्मीदवारों पर दांव लगाया है, जबकि बीएसपी ने ब्राह्मण चेहरे के तौर पर दीपक तिवारी को टिकट दिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में मिजार्पुर लोकसभा सीट पर बीजेपी गठबंधन से अपना दल एस अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने बहुत ही करीबी मुकाबले में जीत हासिल की थी।मझवां का जातीय समीकरण इस प्रकार का है। यहां बिंद 70,000, ब्राह्मण 65,000 कुशवाहा या मौर्य- 35,000 कुर्मी- 25,000 मुस्लिम- 22,000 पाल- 22,000 यादव- 30,000 एससी- 65,000 भूमिहार- 22,000 और ठाकुर- 10,000 हैं।फूलपुर विधानसभा प्रयागराज जिले और फूलपुर लोकसभा की विधानसभा सीट है। फूलपुर पंडित नेहरू की राजनीतिक कर्मभूमि रही है। 2022 के विधानसभा चुनाव में फूलपुर विधानसभा सीट पर बीजेपी ने चुनाव जीता था।बीजेपी की तरफ से प्रवीण पटेल विधायक बने थे लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रवीण पटेल सांसद बन गए और फूलपुर विधानसभा सीट से इस्तीफा देना पड़ा। 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां पर बीजेपी को 1 लाख 3 हजार 557 वोट मिले थे और समाजवादी पार्टी को 1 लाख 825 वोट प्राप्त हुए थे।बीजेपी ने 2 हजार 732 वोटों के मामूली अंतर से चुनाव जीता था। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी को 33 हजार 36 वोट मिले थे।

# क्राफ्ट रूट्स प्रदर्शनी का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कैसर बाग स्थित बारादरी में क्राफ्ट रूट्स प्रदर्शनी का राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उद्घाटन किया। राज्यपाल ने प्रदर्शनी में एक स्टॉल पर पाकिस्तान और बांग्लादेश की साड़ियों को देखकर कहा कितनी अद्भुत कारीगरी है। उन्होंने हस्तशिल्प कारीगरों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने प्रदर्शनी में रखी एक-एक कलाकृति को बारीकी से देखा। विभिन्न शिल्पों की जानकारी ली। इस प्रदर्शनी में भारत के अलग-अलग राज्यों की हस्तकला से सजी साड़ियां, सूट, हस्तनिर्मित वस्त्र और अन्य उत्पाद शामिल हैं। ये हस्तशिल्प की अनोखी विविधता को प्रदर्शित कर रहे हैं। राज्यपाल ने बांग्लादेश और पाकिस्तान के मॉडल की साड़ियों को भारत में बनाए जाने की सराहना की। प्रदर्शनी के दौरान मौजूद महिलाओं ने उन्हें बताया कि पहले ये साड़ियां पाकिस्तान में बनाई जाती थीं, लेकिन अब इन्हें भारत में तैयार किया जा रहा है, जिससे मांग भी बढ़ रही है। विशिष्ट अतिथि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने कहा सरकार ने हस्तशिल्पियों के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की हैं। हम उम्मीद करते हैं कि आप का सारा स्टॉक बिक जाए, ताकि अगली बार आप डबल स्टॉक लेकर आएं। कार्यक्रम में मंत्री नंद गोपाल नंदी और महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान भी मौजूद रहीं। प्रदर्शनी में देश-विदेश के विभिन्न हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां और पारंपरिक वस्त्र प्रस्तुत किए गए हैं।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड उत्तर प्रदेश में 32 नए शैक्षणिक केंद्रों के साथ करेगा शिक्षा का विस्तार

**लखनऊ।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड उत्तर प्रदेश में 32 नए केंद्रों के शुभारंभ और राज्य के 22 अतिरिक्त नए शहरों तक अपनी पहुँच का विस्तार करने की घोषणा करते हुए उत्साहित है। इनमें से 2 केंद्र क्लासरूम सेंटर के रूप में काम करेंगे, 20 आकाश लर्निंग सेंटर के रूप में काम करेंगे और 10 मौजूदा शहरों में सैटेलाइट सेंटर के रूप में काम करेंगे। इस विस्तार के साथ, आकाश अब अपने 66 केंद्रों के साथ उत्तर प्रदेश के 46 शहरों में छात्रों को अपनी सेवाएँ प्रदान करेगा। क्लासरूम सेंटर आजमगढ़ और बड़ौत में खुलेंगे, जबकि आकाश लर्निंग सेंटर मऊ, जौनपुर, बलिया, सुल्तानपुर, बाराबंकी, गाजीपुर, शाहजहाँपुर, देवरिया, मिजार्पुर, बस्ती, कुशी नगर, प्रतापगढ़, फरुर्खाबाद, लखीमपुर खीरी, हरदोई, गोंडा, बहराईच, बांदा, बिजनौर और मैनपुरी में स्थित होंगे। आज प्रेसवार्ता करते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा ने कहा हम उत्तर प्रदेश में 32 नए केंद्रों के शुभारंभ और 22 नए शहरों में विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। यह हमारी नीति का हिस्सा है, जिसके तहत हम छोटे शहरों में रहने वाले छात्रों तक पहुँचने का प्रयास कर रहे हैं, जिन्हें हमेशा आकाश जैसे ब्रांड से विशेषज्ञ मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। ये केंद्र न केवल छात्रों के सामने आने वाली पहुँच की समस्या का समाधान करेंगे, बल्कि उन्हें अपने गृहनगर में बैठे-बैठे आकाश की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में सक्षम बनाएंगे, साथ ही स्थानांतरण के मामले में काफी लागत भी बचाएंगे। आकाश केंद्र उन्हें अपने स्वयं के स्कूल जाने, माता-पिता के प्यार, देखभाल और स्नेह के तहत अपने घर के आराम में रहने और अपने आस-पास अध्ययन करने का लाभ देंगे, जिससे कीमती समय, ऊर्जा और धन की बचत होती है। 10 सैटेलाइट सेंटर सिगरा, वाराणसीय मेडिकल रोड और तारामंडल, गोरखपुरय किदवई नगर, कानपुर और राजाजी पुरम, जानकी पुरम और इंदिरा नगर, लखनऊय आगराय प्रयागराज और मेरठ में स्थापित किए जाएंगे। सभी नए केंद्रों के अगले शैक्षणिक वर्ष से पहले चालू होने की उम्मीद है। विस्तार योजना का अनावरण आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री दीपक मेहरोत्रा ने चीफ स्ट्रेटेजी ऑफिसर श्री अनूप अग्रवाल, रीजनल डायरेक्टर डॉ. ए.एच.आर. राव और डिप्टी रीजनल डायरेक्टर श्री डी.के. मिश्रा की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर कई फ्रैंचाइजी पार्टनर्स भी मौजूद रहे, जो प्रस्तावित स्थानों पर नए केंद्र स्थापित कर रहे हैं। इस कदम के साथ एईएसएल का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के छात्रों को बेहतरीन शैक्षिक अवसर प्रदान करना और उन्हें नीट और जेईई जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने के लिए एक मजबूत आधार देना है। इस विस्तार के साथ, एईएसएल का उद्देश्य अपनी पहुंच को बढ़ाना और पूरे क्षेत्र में छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है।

# राजधानी में लगा कृषि नवाचार महाकुंभ, वैज्ञानिकों और उद्यमियों का संगम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सतत कृषि विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कृषि भारत-2024 जो कृषि और प्रौद्योगिकी का एक महाकुंभ है, का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज कृषि क्षेत्र में दो प्रमुख चुनौतियां है। पहली, खेती में लागत को कम करना और दूसरी, कृषि में आधुनिकीकरण का समावेश करना ताकि किसानों को खेती में सहूलियत हो और उनकी आमदनी में वृद्धि हो। लखनऊ के वृंदावन योजना ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि और प्रौद्योगिकी के इस महाकुंभ में किसानों, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और उद्यमियों का संगम देखा गया। शुक्रवार सुबह हुए इस आयोजन में मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में नए-नए नवाचारों और तकनीकी विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कृषि को आत्मनिर्भर और उन्नत बनाने के लिए तकनीक का उपयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन भी देखा। किसानों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और चुनौतियों को समझा। इस अवसर पर कई स्टार्टअप्स और तकनीकी संस्थानों ने अपनी नई परियोजनाओं और उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिनका उद्देश्य खेती को सरल और सुलभ बनाना है। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए किसान, कृषि विशेषज्ञ और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र में स्थायित्व और नवाचार को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि उर्वरक और खाद के संतुलित और प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना जरूरी है, जिससे लागत कम हो और उत्पादकता में सुधार हो। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों के हित में कई योजनाएं चला रही हैं, जिनका उद्देश्य कृषि को आधुनिक और टिकाऊ बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि इस क्षेत्र में अब भी कई बेहतर कार्य किए जा सकते हैं, और इसके लिए सभी संबंधित पक्षों को मिलकर प्रयास करना होगा। कृषि भारत-2024 का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों और नवाचारों से जोड़ना है, ताकि प्रदेश में कृषि क्षेत्र को आर्थिक मजबूती दी जा सके और किसानों का जीवन स्तर सुधारा जा सके। सीएम ने खेती में आ रही दो बड़ी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के समय में किसानों को खेती की लागत कम करने और खेती में आधुनिकीकरण के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके और खेती करना आसान हो।

# रिजवान तीसरी बार चालक महासंघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**लखनऊ।** राजकीय वाहन चालक महासंघ के घटक संघों सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने एक बार फिर रिजवान अहमद को महासंघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना है। महासंघ कार्यालय 93 बी दारूलशफा की आमसभा में लगभग दो दर्जन से अधिक जनपदों के पदाधिकारी और अधिकाधिक संगठनों के अध्यक्ष महामंत्री की उपस्थिति में पूर्व कार्यकारिणी को पुनः चुने जाने के फैसले को सुरक्षित रखते हुए संघ के अध्यक्ष ने पुरानी कार्यकारिणी बैठक के उपरान्त निर्विरोध कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि रिजवान अहमद सिद्धीकी स्वास्थ विभाग प्रदेश अध्यक्ष, सहजराम यादव समाज कल्याण उपाध्यक्ष,जल प्रकाश त्रिपाठी जल निगम महामंत्री, तेजशंकर व्यापार कर मंत्री, कैलाश साहू सिंचाई विभाग, संयुक्त मंत्री, महेन्द्र सिंह राणा कृषि विभाग संगठनमंत्री, रमेश कुमार सिंचाई विभाग प्रचार मंत्री चुने गए। निर्विरोध निर्वाचन के उपरान्त महासंघ के अध्यक्ष रिजवान अहमद ने कहा कि हमारी मांगों में शासन द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार किया जा रहा है। पिछले माह वर्दी भत्ते का वायदा पूरा किया गया। महासंघ की मांग है कि ग्रेड पे 1900 की जगह 2000 एवं वाहन चालकों की भर्ती सम्बंधित षासनादेष षीघ्र जारी होगा। उन्होंने कहा कि महासंघ का प्रतिनिधि मण्डल इस मामले में शीघ्र ही मुख्य सचिव के साथ वार्ता करने जा सकता है। इस दौरान वीरेन्द्र पाण्डेय संरक्षक, शहीदी अली सलाहकार, मोहम्मद अकरम उपा., तेजशंकर मंत्री, कैलाश साहू संयुक्त मंत्री, उपेन्द्र तिवारी संयुक्त मंत्री,रमेश कुमार प्रचार मंत्री, विनोद मौर्या क्षेत्रीय मंत्री, इन्द्रदेव प्रान्तीय अध्यक्ष वन विभाग, अमित सैनी पूर्व महामंत्री स्वास्थ्य विभाग, सूरज कुमार आदि उपस्थित थें।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, सम्पादक राजीव कुमार के लिए शिवम ऑफसेट अशोक नगर भरथना रोड इटावा उत्तर प्रदेश से छपकर इटावा से प्रकाशित सम्पादक राजीव कुमार संपर्क सूत्र 9219240048
नोट अखबार में प्रकाशित समस्त रचनाओं के विचार व दायित्व लेखीय है सम्पादक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है इटावा एक्सप्रेस अखबार से संबंधित सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र इटावा उत्तर प्रदेश रहेगा
शीर्षक कोड UPHIN50151. Email etawahexpress24@gmail.com , Website. www.etawahexpress.com